an>

Title: Need to host sports events in Jharkhand on regular basis and set up a Sports University in the State.

श्री रवीन्द्र कुमार राय (कोडरमा): 34वां राÂट्रीय खेल वÂाि 2011 में झारखण्ड राज्य में संपन्न हुआ था। जब झारखण्ड में राÂट्रीय खेल हुए तब सरकार द्वारा हज़ारों करोड़ों की लागत से विशाल स्टेडियम, खिलाड़ियों के रूकने हेतु हॉस्टल व अन्य सुविधाओं की व्यवस्था सहित निर्माण कार्य हुआ था। खेल होने के बाद से करोड़ों की लागत से बने स्टेडियम, हॉस्टल व भवनों का अब समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है।

झारखण्ड राज्य से राÂट्रीय एवं अंतर्राÂट्रीय स्तर के अनेकों खिलाड़ी उभरकर सामने आए हैं, चाहे वह जयपाल सिंह मुन्डा हो या दीपिका कुमारी, सिलविनस डुगंडुग, समुराय टेटे, अंशुता लकड़ा, अरुणा मिश्रा, प्रेमलता अग्रवाल या फिर भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान महेंद्र धोनी हो। इन सभी खिलाड़ियों ने विदेशों में भारत का परचम लहराया है। झारखण्ड एक खेल प्रेमी राज्य है। यहाँ के लोग खेलों को ज्यादा पसंद करते हैं।

अतः मेरा केंद्र सरकार से आग्रह है कि झारखण्ड राज्य में बने स्टडियमों हॉस्टलों व अन्य सुविधाओं के सदुपयोग हेतु यहाँ सरकार समय-समय पर खेलों का आयोजन करवाए तथा झारखण्ड राज्य में खेल विश्वविद्यालय की स्थापना की जाए।